
दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 82 मुरादाबाद 17 July 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## पीएम मोदी ने दी बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की सौगात, निजी आवासों के लिए सोलर पैनल का रजिस्ट्रेशन शुरू



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के लिए लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिस धरती ने अनगिनत शूरवीर पैदा किए, जहां के खून में भारत भक्ति बहती है। जहां के बेटे-बेटियों के पराक्रम और परिश्रम ने हमेशा देश का नाम रोशन किया है। उस बुंदेलखंड की धरती को आज एक्सप्रेस-वे का उपहार देते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। बुंदेलखंड की औद्योगिक प्रगति को गति देगा एक्सप्रेस-वे पीएम मोदी ने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से चित्रकूट से दिल्ली की दूरी तो 3-4 घंटे कम हुई ही है, लेकिन इसका लाभ इससे भी कहीं ज्यादा है। ये एक्सप्रेसवे यहां सिर्फ वाहनों को गति नहीं देगा, बल्कि ये पूरे बुंदेलखंड की औद्योगिक प्रगति को गति देगा।

### नए संकल्पों को लेकर आगे बढ़ रहा है उत्तरप्रदेश

पीएम मोदी ने कहा कि यूपी नए संकल्पों को लेकर अब तेज गति से दौड़ने के लिए तैयार हो चुका है। यही सबका साथ है, सबका विकास है। कोई पीछे न छूटे, सब मिलकर काम करें। इसी दिशा में डबल इंजन की सरकार लगातार काम कर रही है। यूपी के छोटे-छोटे जिले हवाई सेवा से जुड़ें, इसके लिए भी तेजी से काम किया जा रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि मैं दशकों से उत्तर प्रदेश आता-जाता रहा हूं, यूपी के आशीर्वाद से पिछले आठ साल से देश के प्रधानसेवक के रूप में कार्य करने का आप सबने जिम्मा दिया है। लेकिन मैंने हमेशा देखा कि अगर यूपी में अच्छी कानून व्यवस्था और बेहतर कनेक्टिविटी हो, तो उत्तर प्रदेश चुनौतियों को दूर करते हुए बहुत बड़ी ताकत के साथ खड़ा हो जाएगा।

### डबल इंजन की सरकार कर रही है अभूतपूर्व काम

पीएम मोदी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में आज यूपी जिस तरह आधुनिक हो रहा है। ये अभूतपूर्व है। जिस यूपी में सरयू नहर परियोजना को पूरा होने में 40 साल लगे, जिस यूपी में गोरखपुर फर्टिलाइजर प्लांट 30 साल से बंद पड़ा था, जिस यूपी में अर्जुन डैम परियोजना को पूरा होने में 12 साल लगे।

उन्होंने कहा कि जिस यूपी में अमेठी रायफल कारखाना सिर्फ एक बोर्ड लगाकर खड़ा था, जिस यूपी में रायबरेली रेल कोच फैक्ट्री सिर्फ डिब्बों का रंग-रोगन करती थी। उस यूपी में आज इतनी गंभीरता से काम हो रहे हैं कि उसने अच्छे-अच्छे राज्यों को भी पीछे छोड़ दिया है।

### दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास और लोकार्पण दोनों हमारी सरकार में हुआ

पीएम मोदी ने कहा कि हम समय की मर्यादा का पालन कैसे करते हैं, इसके अनगिनत उदाहरण यूपी में ही हैं। काशी में विश्वनाथ धाम के सुंदरीकरण का काम हमारी ही सरकार ने ही शुरु किया और हमारी सरकार ने ही पूरा किया। गोरखपुर एम्स का शिलान्यास भी हमारी सरकार ने किया और उसका लोकार्पण भी हमारी सरकार में हुआ। पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास और लोकार्पण दोनों हमारी सरकार में हुआ। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे भी इसी का उदाहरण है। इसका काम अगले साल फरवरी में पूरा होना था, लेकिन ये 7-8 महीने पहले ही सेवा के लिए तैयार है।

रेवड़ी बांटने वाले कभी एक्सप्रेसवे नहीं बनाएंगे- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि हम कोई भी फैसला लें, निर्णय लें, नीति बनाएं, इसके पीछे सबसे बड़ी सोच यही होनी चाहिए कि इससे देश का विकास और तेज होगा। हर वो बात, जिससे देश को नुकसान होता है, देश का विकास प्रभावित होता है, मैं आप सबको याद दिलाना चाहता हूं कि 15 अगस्त तक पूरे महीने, हिंदुस्तान के हर घर और हर गांव में आजादी का अमृत महोत्सव मनना चाहिए और शानदार तरीके से मनना चाहिए।

## यशवंत पर निशाना: शिवपाल की अखिलेश को चिट्ठी, बोले- जिसने मुलायम को ISI एजेंट बताया, उसका समर्थन क्यों?





समाजवादी पार्टी के विधायक शिवपाल सिंह यादव ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नाम पत्र लिखकर सियासी हलचल बढ़ा दी है। उन्होंने लिखा कि जिस व्यक्ति ने सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के बारे में अनर्गल बातें कही हो और उन्हें आईएसआई का एजेंट तक बताया हो, उसे राष्ट्रपति चुनाव में समर्थन देने पर पुनर्विचार करना चाहिए।

शिवपाल ने यह भी कहा है कि बेहद अफसोस हो रहा है कि जो समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यादव के बारे में एक शब्द सुनने को तैयार नहीं थी। वह आज उनके खिलाफ बयान देने वाले को राष्ट्रपति चुनाव का उम्मीदवार बना रही है। शिवपाल सिंह यादव ने यह भी कहा है कि उन्हें अपनी सीमाएं पता है। फिर भी पुनर्विचार की मांग करते हैं। शिवपाल यादव ने इस पर ट्वीट कर कहा कि सपा नेतृत्व के इस फैसले पर मेरी घोर असहमति है। नेताजी के अपमान की शर्त पर कोई फैसला मंजूर नहीं है। सपा के वर्तमान नेतृत्व ने राष्ट्रपति चुनाव में उस व्यक्ति का समर्थन किया है,जिसने हम सभी के अभिभावक और प्रेरणा व ऊर्जा के स्रोत आदरणीय नेताजी को %आईएसआई%का एजेंट बताया था। पार्टी नेतृत्व के इस फैसले के विरुद्ध मेरी घोर असहमति है। नेताजी के अपमान की शर्त पर कोई फैसला मंजूर नहीं।

## पीएम मोदी के बयान पर केजरीवाल का हमला, बोले- मुफ्त शिक्षा और फ्री इलाज देकर क्या गुनाह किया?




केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में 18 लाख बच्चे पढ़ते हैं। देशभर में सरकारी स्कूलों का बेड़ा गर्क था वैसे ही दिल्ली के सरकारी स्कूलों की हालत थी। 18 लाख बच्चों का भविष्य बर्बाद था। आज हमने अगर इन बच्चों का भविष्य ठीक किया तो मैं क्या गुनाह कर रहा हूं? पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा रेवड़ी कल्चर से देश के लोगों को बहुत सावधान रहना है। इसके बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तंज कसते हुए कहा कि अपने देश के बच्चों को मुफ्त और अच्छी शिक्षा देना और लोगों का अच्छा और मुफ्त इलाज करवाना, इसे मुफ्त की रेवड़ी बांटना नहीं कहते। हम एक विकसित और गौरवशाली भारत की नींव रख रहे हैं। ये काम 75 साल पहले हो जाना चाहिए था। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में 18 लाख बच्चे पढ़ते हैं। देशभर में सरकारी स्कूलों का बेड़ा गर्क था वैसे ही दिल्ली के सरकारी स्कूलों की हालत थी। 18 लाख बच्चों का भविष्य बर्बाद था। आज हमने अगर इन बच्चों का भविष्य ठीक किया तो मैं क्या गुनाह कर रहा हूं? सीएम केजरीवाल ने कहा कि मुझ पर आरोप लगाए जा रहे हैं, केजरीवाल फ्री की रेवड़ियां बांट रहा है, मुझे भद्दी-भद्दी गालियां दी जा रही हैं, मेरा मजाक उड़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार से पहले दिल्ली के सरकारी स्कूलों की हालत बहुत खराब थी, जैसी अन्य राज्यों में आज भी है। दिल्ली में सरकारी स्कूलों में बहुत बुरी स्थिति थी। आज मैं इन बच्चों को फ्री में शानदार शिक्षा दे रहा हूं तो क्या बुरा कर रहा हूं। उन्होंने दावा किया कि सरकारी स्कूलों में 75 साल में पहली बार 99 प्रतिशत से ज्यादा रिजल्ट रहा है। पिछले कुछ सालों में चार लाख बच्चों ने प्राइवेट स्कूलों से नाम कटाकर सरकारी स्कूलों में एडमिशन लिया है। सीएम ने कहा कि ये काम 1947 या 1950 में हो जाना चाहिए था, जो आज हम कर रहे हैं। हम देश की नींव रख रहे हैं। ये रेवड़ी नहीं है देश की नींव है। आज दिल्ली के सरकारी अस्पताल शानदार कर दिए हैं, मोहल्ला क्लीनिक शानदार कर दिए हैं, जिनकी चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। दिल्ली दुनिया का वह चुनिंदा शहर है, जिसकी दो करोड़ जनसंख्या के हर आदमी का इलाज मुफ्त है। सपा अध्यक्ष ने भी पीएम मोदी के बयान पर साधा निशाना- पीएम मोदी के बयान पर अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया के जरिए पलटवार किया है। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि, रेवड़ी बाँटकर थैंक्यू का अभियान चलवाने वाले सत्ताधारी अगर युवाओं को रोज़गार दें तो वो 'दोषारोपण संस्कृति' से बच सकते हैं। रेवड़ी शब्द असंसदीय तो नहीं?

# अज्ञात बदमाशों ने घर को बनाया निशाना,लाखों का माल किया पार, चोर सक्रिय पुलिस निष्क्रिय

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ -अज्ञात बदमाशों ने घर को बनाया निशाना लाखों का माल किया पार चोर सक्रिय पुलिस निष्क्रिय पनैठी क्षेत्र में काफी चोरी होने के बाद भी नहीं किया कोई खुलासा कुछ महा पूर्व,छ दुकानों के चोरों ने काटे ताले नहीं किया कोई खुलासा पनैठी पुलिस कर रही है बड़ी घटना का इंतजार अकराबाद क्षेत्र के गांव फरीदपुर में देर रात नकाबपोश बदमाशों ने तमंचे के बल पर दंपत्ति को बंधक बनाकर लाखों के जेवरात की लूट की घटना को अंजाम देते हुए मौके से फरार हो गए घटना घटित होते ही इलाके में हड़कंप मच गया और तत्काल ही सूचना इलाका पुलिस को दी गई मौके



पर पहुंची पुलिस ने मामले में संज्ञान लेते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है वहीं पूरी घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित व्यक्ति सलीम पुत्र नवाब अली ने जानकारी देते हुए बताया की देर रात लगभग 2:00 बजे उसके घर के दरवाजे कि बजने की आवाज आई जिसको देख उसने दरवाजा खोल दिया जिसके बाद दो नकाबपोश अज्ञात लोग तमंचे हाथों में लेकर जबरन घर में घुस आए और तमंचे की नोक पर मारपीट करते हुए घर में रखें सामान की पूछताछ की जिसके बाद दंपत्ति को बंधक बनाकर लूट की घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गई पीड़ित ने बताया क्यों 19 तारीख को उसके दो बेटों की शादी है जिसको लेकर उसने अपनी बहुओं के लिए जेवरात खरीदे थे जिसमें सोने की 2 जोड़ी झुमकी सोने की दो नत्थ व्हाट चांदी के आभूषण थे जिसको नकाबपोश लेकर फरार हो गए जानकारी के मुताबिक आभूषण लाखों रुपयों के बताए गए हैं घटना की जानकारी मिलते ही इलाका पुलिस मौके पर पहुंच गई आए दिन हो रही क्षेत्र में चोरियां नहीं कर रही है कोई कार्यवाही

# विशेष समुदाय के लोगों द्वारा साधु की पिटाई करने वालों पर मुकदमा दर्ज कार्यवाही शुरू

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- थाना क्षेत्र मल्हीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बन गई के पास जनपद कानपुर के बिठूर से आए चार पहिया वाहन पर 3 साधुओ द्वारा रोड साइड में गड़ी लगाकर लघुशंका किया जा रहा था इतने में पीछे से वर्ग विशेष समुदाय के कुछ लड़के मोटरसाइकिल से आए और खड़ी गाड़ी पर ठोकर मार दी इसके बाद स्वयं उन साधुओं को उतार कर उनकी पिटाई शुरू कर दी साधुओं के हल्ला गुहार मचाने पर गांव के लोगों ने पहुंचकर साधुओं को छुड़ाया तत्पश्चात साधुओं ने पुलिस चौकी जमुनहा में जाकर एक आवेदन संबंधन्ति व्यक्तियों के नाम के खिलाफ दिया जिस पर थानाध्यक्ष मल्हीपुर द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 291 / 2022 धारा 279/ 295ए ,147 ,323 ,504 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया यह आवेदन सत्यम गिरी पुत्र सुरेश गिरी बिठूर आश्रम कानपुर द्वारा दिया गया था एफ आई आर में एक व्यक्ति नामजद व चार अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है विवेचना चौकी इंचार्ज जमुनहा कृष्ण गोपाल राय को दि गयी है

# कायमगंज के बीच फैज बाग मे टेंपो और बाइक की टक्कर होने से बाइक सवार की मौत घटना की खबर सुनते ही घर में मचा कोहराम

हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद- टैम्पो व बाइक की आमने-सामने हुई भिड़न्त में बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में उपचार के दौरान घायल ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने दुर्घटना में क्षतिग्रस्त बाइक तथा टेंपो को कब्जे में ले लिया। दुर्घटना के संबंध में बताया गया है नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मंझना निवासी सुनील कुमार सक्सेना ( 32 ) पुत्र श्याम सुंदर शुक्रवार की शाम मोटरसाइकिल द्वारा आवश्यक कार्य से कायमगंज गया



था। वहां से वापस लौटते समय फैजबाग से घर मंझना जा रहा था। कायमगंज फर्रुखाबाद मार्ग पर हजियापुर मंदिर के सामने गुजरते समय अचानक टैंपो तथा बाइक सवार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। यहां तक कि टेंपो में सवार कुछ यात्रियों के भी घायल होने जानकारी दी गई। इसके साथ ही टेम्पो भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कुछ लोगों ने दुर्घटना की सूचना शमसाबाद पुलिस को दी। शमशाबाद थाना पुलिस तथा फैजबाग पुलिस मौके पर पहुंची ओर गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को उपचार के लिए लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद भेजा गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया गया है दुर्घटना के बाद मौके पर पुलिस को एक मोबाइल मिला, जिसमें पहले नंबर पर कॉल कर दुर्घटना की जानकारी दी गयी। कॉल रिसीव करने वाले व्यक्ति ने युवक को मंझना थाना नबाबगंज का निवासी बताकर बाइक चालक के परिजनों का फोन नंबर दिया। तब परिजनों को दुर्घटना की जानकारी दी जा सकी। दुर्घटना को अंजाम देने वाले टेंपो को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। मौत की सूचना मिलते ही घर परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों के अनुसार सुनील कुमार की पत्नी प्रीति अपने मायके में थी। मृतक के रिद्धि सिद्धि दो बच्चे बताए गए हैं। इस दुखद घटना का समाचार जब मृतक की पत्नी प्रीति को मिला तो वह भी दहशत में आ गई और विलाप करने लगी। प्रभारी थाना अध्यक्ष शमशाबाद मनोज कुमार भाटी ने बताया शुक्रवार की रात्रि हजियापुर मंदिर के पास बाइक सवार तथा टेंपो की भिड़ंत की सूचना दी गई थी। जिस पर पुलिस को मौके पर भेजा गया था। वहीं गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को उपचार हेतु लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया गया शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## ग्रामीणों ने अस्पताल चौराहे तक सड़क चौड़ीकरण की किया मांग

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पटना के मजरा बीरगंज में ब्लॉक मुख्यालय से मल्हीपुर चौराहे तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है जिस पर ग्रामीणों ने ब्लॉक मुख्यालय जमुनहा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर के चौराहे तक सड़क चौड़ीकरण की मांग किया है इस संबंध में राधेश्याम ,राजित राम, मुकेश गुप्ता ,मोहम्मद अकरम ,प्रमोद गुप्ता, सतीश पाठक ,राहुल ,संतोष गुप्ता ,अवधेश कुमार, आदि लोगों ने तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर ब्लॉक मुख्यालय से आगे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर के चौराहे तक सड़क का चौड़ीकरण करने का मांग किया है।

# फर्रुखाबाद में समाधान दिवस में सर्वाधिक राजस्व के मामले

हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





फर्रुखाबाद- शनिवार को तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ7 जिसमे सर्वाधिक राजस्व के मामले आये7 वहीं 123 फरियादियों में से कुल 8 को मौके पर इंसाफ मिल सका7 अन्य को कार्यवाही का भरोसा दिया गया7 जिलाधिकारी संजय सिंह व एसपी अशोक कुमार मीणा की अध्यक्षता में आयोजित हुए तहसील दिवस में भीड़ दिखी7 कोतवाली मोहम्मदाबाद के तेरा निवासी युवती नें शिकायत कर कहा कि उसके पड़ोस का युवक आये दिन छेड़छाड़ करता है थाना पुलिस सून नही रही7 एसपी नें उसे कार्यवाही का भरोसा दिया7 इसी प्रकार सर्वाधिक मामले राजस्व विभाग के सम्बधित आये7 जिसमे 56 राजस्व, 23 मामले पुलिस, 20 मामले विकास, 16 अन्य मिलाकर कुल मिलकर 123 शिकायते मिली जिसमे से मात्रा 8 का ही निस्तारण किया जा सका7 इस दौरान एसडीएम सदर संजय कुमार सिंह आदि रहे7 जल संरक्षण की ली गयी शपथ 16 जुलाई से 22 जुलाई तक भूजल सप्ताह शुरू हो रहा है7 जिसके चलते सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक नें अधिकारियों के साथ जल संरक्षण की शपथ ली7 जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि जिन शिकायतों का निस्तारण नही हुआ है उनका सम्बन्धित को गुणवत्तापूर्ण त्वरित निस्तारण करनें के निर्देश दिये7

# वन विभाग की भूमि पर दबंगों द्वारा पक्का निर्माण कर किया अवैध कब्जा

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- थाना मल्हीपुर के ग्राम सुजानडीह में बनचौ की रेंज का पक्का मकान बना है जिसके आगे और पीछे सरकारी भूमि खाली पड़ी है कुछ भू माफियाओं की निगाह काफी दिनों से उक्त जमीन पर लगी थी इसी परिपेक्ष में आसाराम पुत्र बच्चू निवासी सुजानडीह द्वारा पक्का निर्माण किया जाने लगा है जिस पर गांव के ही छेटन का पुत्र मुस्तकीम ने वन विभाग को तत्काल सूचना दी वन विभाग ने पुलिस को सूचना देकर विभागीय कर्मचारियों को साथ निर्माणाधीन दीवार को उजाड़ कर वन विभाग की भूमि को पुन: अपने कब्जे में ले लिया

इस संबंध में छोटुन खान उपरोक्त ने माननीय मुख्यमंत्री को ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा दी गई है परंतु दबंग आसाराम पुत्र बच्चू अवैध कब्जा करने के प्रयास में लगा है यदि उक्त सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा हो गया तो वन विभाग की लाखों रुपए की संपत्ति का दुरुपयोग होगा

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील ठाकुरद्वारा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील ठाकुरद्वारा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसमें जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवसों में आने वाली जनशिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस आवेदकों द्वारा जो प्रार्थना पत्र प्रेषित किए जायें उनमें आवेदक का अथवा उसके किसी परिचित का मोबाइल नम्बर अनिवार्य रुप से दर्ज किया जाये। प्रार्थना पत्र दर्ज होने के पश्चात् सम्पूर्ण समाधान दिवस में आवेदन कर्ता द्वारा प्रस्तुत किया जाये। आवेदन कर्ता की सुनवाई को उसका तत्काल निस्तारण कर यथा संभव प्रयास करना सुनिश्चित करें। समस्त अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वह अपने से संबंधित प्रार्थना पत्रों को उसी दिन प्राप्त करने के बाद ही तहसील कार्यालय छोड़े। इसके साथ ही आवेदन पत्रों की प्राप्ति की पूरी व्यवस्था संबंधित तहसीलदार की देखरेख में की जाएगी तथा सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन के बाद उसी दिन सभी प्रार्थना पत्रों का कम्प्यूटर पर अंकन कराना भी संबंधित तहसीलदार व उपजिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रार्थना पत्र का कम्प्यूटरीकरण (स्कैनिंग, अपलोडिंग एवं विवरण फीडिंग) समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आई0जी0आर0एस0) (jansunwai.up.nic.in) से संबंधित सम्पूर्ण समाधान दिवस के पोर्टल पर किया जायेगा। शिकायती प्रार्थना पत्र पर अपेक्षित निस्तारण कार्यवाही व प्रगति की स्थिति भी संबंधित अधिकारी द्वारा आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर समय-समय पर अपलोड की जाएगी। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त आवेदन पत्रों का निस्तारण एवं अनुश्रवण के संबंध में निर्देशित किया है कि निजी भूमियों का सीमाकंन/पैमाइश, निजी भूमियों का अविवादित नामान्तरण, खतौनी में नाम व अन्य अशुद्धियों का शोधन, फर्जी बैनामें के आधार पर नामान्तरण/कब्जा, संबंधित शिकायतों को तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित लेखपाल की टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण किया जाये। राजकीय एवं सार्वजनिक उपयुक्त भूमियों यथा चकरोड, रास्ता, तालाब, खलिहान, नाली, चारागाह आदि पर अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे, निजी भूमियों पर अन्य भूमिधरों/सहखाते द्वारा अवैध कब्जा, पट्टे की भूमि पर कब्जा, आबादी भूमि में पानी का निकास व आवागमन अवयुक्त करने संबंधी शिकायतों का तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित थाने के हेड कांस्टेबल की टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाये। अधिकारी व संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा स्वयं अथवा यथावाश्यक टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाये। गम्भीर एवं अतिसंवेदनशील मामलों का निस्तारण संबंधित उपजिलाधिकारी अथवा तहसीलदार द्वारा स्वयं यथावश्यक टैक्ट्रर व जे0सी0बी0 मशीन का प्रयोग कर किया जाये और इन उपकरणों एवं मशीन के प्रयोग पर होने वाले व्यय सुसंगत नियमों के अन्तर्गत अथवा अवैध कब्जेदार से वसूला जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों में से कम से कम 5 महत्वपूर्ण तथा संवेदनशील शिकायतों को चिन्हित कर उनके निस्तारण हेतु मौके पर भेजकर उसी दिन निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाये। आज तहसील ठाकुरद्वारा मे आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों की कुल 88 शिकायतें प्राप्त हुई, 12 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा अन्य शिकायतों को जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को तत्काल गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग के अन्तर्गत भूमि संबंधी विवादों सहित विद्युत विभाग से संबंधित बिलों में गडबडी, राशन कार्ड बनाने की मांग आदि शिकायतें प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस मे जिलाधिकारी के निर्देशानुसार शिकायतें संबंधित विभागीय अधिकारियों को निश्चित समय सीमान्तर्गत निस्तारण करने के निर्देश के साथ सन्दर्भित की गयी। जिलाधिकारी ने आज सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग से संबंधित सर्वाधिक शिकायतें प्राप्त हुई जिस पर उपजिलाधिकारी को शिकायतों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि संबंधी विवादों एवं राजस्व विभाग से संबंधित अन्य प्रकरणों को गम्भीरता से लेकर प्राथमिकता के आधार पर जनशिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में डी0आई0जी0 पुलिस श्री शलभ माथुर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमन्त कुटियाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एम0सी0 गर्ग, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्रा, डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी, उपजिलाधिकारी ठाकुरद्वारा श्री परमानन्द, तहसीलदार रामवीर सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने भूजल सप्ताह के प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने आज कैम्प कार्यालय पर उ0प्र0 शासन के आदेशानुसार भूगर्भ जल सप्ताह (दिनांक 16 जुलाई से 22 जुलाई 2022 तक) जन-जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत भूगर्भ जल विभाग द्वारा मे आयोजित भूजल संरक्षण अभियान के प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि देश के गिरते भूजल स्तर और उस पर आसन्न संकट को दृष्टिगत रखते हुए अभी भी समय है कि भूजल संरक्षण के प्रति हमें सचेत हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए हम सब मिलकर इस वर्ष भूजल सप्ताह पर अपने आप से वादा करें कि हम पानी के खर्च में मुमकिन कटौती करेंगे और हम पानी की बर्बादी को रोकेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि भूजल सप्ताह का थीम ''जन-जन तक जल पहुंचाना है, जल संरक्षण अपनाना है'' रखा गया है। जिलाधिकारी ने 300 वर्ग मीटर से अधिक के सरकारी, गैर सरकारी संस्थाओं को रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली अपनाने के निर्देश दिये। भूगर्भ जल विभाग के खण्डीय अधिकारी द्वारा वर्षा जल संचयन, संरक्षण के बारे में विस्तार से बताया कि जल के बिना हम जीवन की कल्पना नही कर सकते हैं। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोरियर कंपनी के ड्राइवर ने साथी संग चुराई 20 किलो चांदी, गिरफ्तार

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - कोरियर कंपनी में आया 20 किलो 700 ग्राम चांदी का पार्सल पैकेट उसी कोरियर कंपनी के चालक ने साथी के साथ मिलकर पार कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा कर दिया। दोनों आरोपियों के पास से चांदी की 687 पायल जिनका वजन 14 किलो 450 ग्राम है बरामद की गई है। सीओ सिविल लाइंस आशुतोष तिवारी ने बताया कि सम्राट अशोक नगर निवासी राम किशोर ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह आरवीएन इंटरप्राइज के नाम से कोरियर कंपनी चलाते हैं। इसका कार्यालय सम्राट अशोकनगर कांशीराम गेट के पास स्थित है। राम किशोर के अनुसार 11 जुलाई को 9 बजे उनके कार्यालय में दिल्ली से एक पार्सल आया, जिसमें 20 किलो 500 ग्राम चांदी की पायल थीं। पायल की कीमत करीब सात लाख रुपये थी। उस पार्सल को बरेली जाना था। रामकिशोर के अनुसार कुछ देर बाद सूर्यनगर निवासी उनका ड्राइवर जितेंद्र कुमार अपने साथी विकासनगर निवासी धीरज के साथ कोरियर ऑफिस पर आया। माल गाड़ी में लादा गया तो चेक करने पर पता चला कि उसमें से चांदी वाला पार्सल बॉक्स गायब था। सीओ ने बताया कि रामकिशोर की तहरीर पर सूर्य नगर निवासी जितेंद्र और विकास नगर लाइनपार निवासी धीरज राघव के खिलाफ चोरी कर केस दर्ज किया गया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने बिना देर किए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। शनिवार सुबह पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी जितेंद्र ने चोरी करने की बात स्वीकार कर ली। बकौल पुलिस आरोपियों के पास से चोरी की गई 687 पायल बरामद कर ली गई है, जिसका वजन करीब 14 किलो 450 ग्राम हैं। एसएचओ मझोला धनंजय सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Word parliamentary

In Parliament or Legislatures, from time to time, many words have been put in the unparliamentary category, so that the purity of the language remains in the House. The goal behind this is that the language in the house should be limited and no one should use frivolous language. Under a similar exercise, the Lok Sabha Secretariat has prepared a new compilation of such words and sentences under the title Unparliamentary Words 2021,

which have been kept in the category of 'Unparliamentary Expressions'. This means that MPs will refrain from using these words and if any such word slips out of their mouth, it will be omitted from the recorded proceedings of the House. Generally, MPs avoid the use of words listed in the unparliamentary list, but such words are also used because of the atmosphere created in the House.

To avoid the use of unparliamentary words, it is most important that if the discussion takes place in a good environment, then the purity and purity of the words will also be maintained. Well, some of the words which have been declared as unparliamentary this time were already declared unparliamentary in some state legislatures. For example, some words removed from the proceedings of the Chhattisgarh Legislative Assembly are Bob cut hair, Gariana, Ant-shunt, Uchke, Ulta Chor Kotwal ko scold, these words will no longer be used even in Parliament.

Some words have been taken from the Rajasthan Legislature, Kaan-Kavan Karna, Sole-licking and Tadipar. The phrase drinking water from many ghats in the Jharkhand Legislative Assembly is unparliamentary, so it has been included in the dark list of Parliament. The Speaker of the Lok Sabha has the right to issue such a list. Keep in mind, according to Rule 380 of the Procedure and Conduct of Business in the Lok Sabha, if the Speaker feels that derogatory or unparliamentary, indecent or insensitive words have been used during the discussion, he may order his removal from the proceedings of the House. can. Not only words, some sentences have also been termed as unparliamentary.


After this, the MPs will have to study and express themselves very carefully. Parliamentary words have to be chosen for criticism. The reduction or deletion of some popular words or sentences of criticism will also cause inconvenience to both the ruling party and sometimes the opposition. The list of such words is long, which have been declared unparliamentary. Are substitutes for the words termed unparliamentary also given? By the way, the correctness and list of words can also be debated in Parliament, so this country will be able to know why a word is being termed as unparliamentary. It is no secret that politics uses only a few hundred or two hundred words that are seldom or clichéd. Is there a shortage of linguists in Parliament? Will the business of the House improve further after these words are declared unparliamentary? Will all MPs follow this list? Consider, Trinamool Congress MP Derek O'Brien has launched a scathing attack saying that I will use these words even if I am suspended. Meaning, not only in Parliament, there will be possibility of use of such words in some assemblies which have been declared as unparliamentary. It would have been nice if there was a consensus on this front.

# Chhavi Mittal gave a befitting reply to the trolls on the cancer post, said – I have to save them



Famous small screen actress Chhavi Mittal has recently defeated a serious disease like cancer. Ever since she won this battle of life, the actress has been inspiring everyone with her outspoken style and courage. He faced this difficult time of life with great strength. However, during this time he also had to face trolling many times. Even social media users trolled her on her cancer announcement post. Many netizens also made hate comments on his post. Now the actress has given her reaction on this. Chhavi Mittal recently shared two pictures of herself on her Instagram handle. The first of these shared photos is from the time of Image's cancer announcement. While the second picture is after his recovery from cancer. Sharing both these pictures, the actress has given a befitting reply to the trolls. Chhavi wrote a long note saying, "I shared these two pictures on social media. The first is my breast cancer announcement post, while the second post is during cancer recovery and progress. In both, I am wearing the same clothes." The actress further wrote, "My breasts are slightly visible in both the photos. In one of the pictures I have my T-shirt up. At the same time, my breasts are showing a little more in the cancer announcement post. I was very emotional about cancer. I was fighting with this fear of what would happen next. I was afraid that I would be able to live as before or I would have to compromise. Netizens gave me love after this post. During my battle with cancer, I gathered courage and decided that whatever happens, the quality of life after cancer will be better, because if I survive after this battle, I will only be stronger, more than ever." That said, while his pictures made him courageous for others, he also faced a lot of hate comments due to this. Chhavi further wrote that, "On sharing the second photo, I got hate comments like "shouldn't share everything", "this is not respectable", "don't know what she is trying to be" etc. I wish you all. Let me tell you, dear ladies, this is double standard. My association with my breasts cannot be described. I have fought very hard to save them." Chhavi Mittal, known for her roles in serials like Ghar Ki Laxmi Betiyan, Bandini and Virasat, was diagnosed with breast cancer in April. It is worth mentioning that Chhavi Mittal had gone to the hospital for treatment of a chest injury during which she was diagnosed with cancer. Chhavi stunned everyone with her positive attitude during her treatment. During this, the fans praised Chhavi for her courage.

# Aamir Khan took tips from SS Rajamouli! Special screening photo leaked



The process of beating Bollywood movies continues. On average, out of the total released films, very few are able to cross the 100 crore mark. At the same time, the makers are surprised by the tremendous response South's films are getting. In such a situation, the filmmakers of Hindi cinema are trying to catch the formula due to which the films of South are getting such a good response. Apart from this, news of tie-up with South stars of Bollywood has also started becoming common. The film will be released in theaters soon but before that Aamir Khan wanted to be completely sure about it. He recently held a screening in which many big faces of South were invited. A photo of this special screening has been leaked on social media, in which you can also see the veteran director of South SS Rajamouli. Aamir Khan took special tips from Rajamouli- It is reported that before releasing the film, Aamir Khan wanted some experienced and successful celebrities of South to get their opinion by showing this film. In the photo that went viral, SS Rajamouli is seen watching the film very seriously. Superstars like Chiranjeevi and Naga Chaitanya are also seen sitting with Aamir Khan in the photo.

# बच्चों की फीस के लिए रुपये निकालने गई महिला को शातिरों ने जाल में फंसाया, खाते से उड़ा दी 3 लाख की रकम

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - एटा कोतवाली नगर क्षेत्र के नेहरू नगर निवासी एक सैनिक की पत्नी एटीएम मशीन से रुपये निकालने गई। तीन युवकों ने एटीएम बदलकर खाते से तीन लाख रुपये पार कर दिए। पीड़िता ने कोतवाली में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## यहां की है घटना

मलावन थाना क्षेत्र के गांव छैना हाल पता शहर के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी रीना देवी ने बताया उनके पति सेना में नौकरी करते हैं। कहा कि 14 जून को वह बच्चों की फीस जमा करने के लिए एटीएम से रुपये निकालने गईं थीं। कचहरी रोड पर एसबीआई बैंक के बाहर बने केनरा बैंक के एटीएम से रुपये निकाल रहीं थीं। चार बार में चालीस हजार रुपये निकाल लिए। पीड़िता ने बताया कि उसके इस दौरान तीन युवक पीछे आकर खड़े हो गए। वह अकाउंट में बैलेंस की जांच कर रहीं थीं। तभी एक युवक अंदर आ गया और उसने बातों में उलझाकर एटीएम बदल लिया। उसके खाते से तीन लाख रुपये पार हो गए। मोबाइल पर मैसेज आने के बाद उसे जानकारी हो सकी, जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। मामले की जानकारी देते हुए कोतवाली नगर प्रभारी रामेंद्र शुक्ला ने बताया तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक पर फर्जीवाड़े की रिपोर्ट

कोतवाली देहात में अलीगढ़ के शिवा कालोनी निवासी एक युवक ने बैंक ऑफ बड़ौदा मानपुर के शाखा प्रबंधक पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने फर्जीवाड़ा कर नौ लाख 39 हजार रुपये निकालने का आरोप लगाया है। अलीगढ़ के शिवा कॉलोनी निवासी राजपाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि वह कृषि विभाग एटा में नौकरी करते थे। उस सामय अचलपुर में कुछ जमीन पत्नी के नाम पर खरीदी थी। कहा कि वर्ष 2018 में शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा मानपुर ने फर्जीवाड़ा कर उनकी जमीन पर बैंक से लोन कर दिया। बताया जब आरसी उनके यहां पहुंची तब जमीन पर लोन के बार में जानकारी हुई। प्रभारी थानाध्यक्ष अभिलाख सिंह ने बताया पीड़ित की जमीन पर फर्जीवाड़ा कर लोन निकाला गया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# उत्तर प्रदेश में कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए,पंडित रामऔतार मिश्रा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - शांतिनगर स्थिति अपने आवास पर ही जन चर्चा करते हुए जनपद एटा के साथ ही उत्तर प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी को देखते हुए विश्व हिंदू परिषद के सह समरसता प्रमुख पंडित राम औतार मिश्र ने कहां कि उत्तर प्रदेश में कुटीर उद्योगों की स्थापना करना सरकार की प्राथमिकता में रहना चाहिए, दिनों दिन बढ़ती बेरोजगारी चिंता का विषय बनती जा रही है। इससे अपराधीकरण बढ़ने की संभावनाये बढ़ती चली जाएंगी, इसलिए सरकार को रोजगार परक व्यवस्था के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी कुटीर उद्योगों की स्थापना करनी चाहिए, तथा उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित जिला उद्योग केंद्र द्वारा चलाई जा रही योजनाएं और बैंकों में आ रही अड़चनो को ध्यान में रखकर रोजगार सृजन के संसाधनों का विकास होना चाहिए, भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार की मनसा सबका साथ सबका विकास वाला फार्मूला बेरोजगारी दूर करने में भी प्रयोग किया जाना चाहिए।जिस देशऔर प्रदेश में बेरोजगारी कम होगी, वहाँ विकास अपने आप ही दिखाई देगा।ब्रज प्रांत के सह समरसता प्रमुख बेरोजगारों के हित में उत्तर प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए यह मांग करते हैं।

# अवैध रूप से रिफिलिंग को लाया गया 1440 लीटर अल्कोहल, 01 लीटर केरोमल तथा भारी मात्रा में रैपर व ढक्कन बरामद, मौके से दो शराब तस्कर गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा के निकट पर्यवेक्षण में अवैध



शराब की बरामदगी व शराब माफियाओं की धर-पकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना अलीगंज पुलिस तथा जनपदीय स्वाट व आबकारी टीम द्वारा दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर मौके से 1440 लीटर अल्कोहल, एक लीटर केरोमल, 4920 रैपर गुड इवनिंग तथा 03 हजार ढक्कन मार्क वेव डिस्टलरी अलीगढ एवं नगदी बरामद करने में सफलता प्राप्त की गयी है। घटनाक्रमानुसार दिनांक 15.07.2022 को थाना अलीगंज पुलिस तथा जनपदीय स्वाट टीम व आबकारी टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर संयुक्त कार्यवाही में थाना अलीगंज क्षेत्रांतर्गत कस्बा अलीगंज में मदन लाल बिल्डिंग मटेरियल की दुकान में अवैध रूप से लाए गए अल्कोहल का भंडाफोड़ कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। मौके से 40-40 लीटर की प्लास्टिक की 36 केनों में भरा 1440 लीटर अल्कोहल, एक लीटर केरोमल, 4920 रैपर गुड इवनिंग तथा 03 हजार ढक्कन मार्क वेव डिस्टलरी अलीगढ एवं जामातलाशी में 3030 रुपए बरामद किये गये है।इस प्रकार इस अवैध धन्धे में संलिप्त अभियुक्तगण अपने व्यक्तिगत लाभ के लिये अवैध रूप से शराब तैयार कर उ0प्र0 राज्य में बेचने हेतु अधिक शराब बनाकर एवं उस पर रैपर, होलोग्राम तथा ढक्कन लगाकर उ0प्र0 सरकार के राजस्व को नुकसान पहुँचा रहे हैं।
इस संबंध में अभियुक्तों के विरुद्ध थाना अलीगंज पर *मुअसं- 212/2022 धारा 420, 467, 468, 471 भादवि व 60 आबकारी अधिनियम* पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है, साथ ही प्रकाश में आए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं।

## पहली बार में सी ए फ़ाइनल की परीक्षा पास कर ज़िले में नाम रोशन किया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - सी ए फ़ाइनल की परीक्षा में नगर के अनन्त अग्रवाल ने दोनो ग्रुप पास कर ज़िले में अपना एवं परिवार का नाम रोशन किया है। अनन्त एटा नगर के प्रतिष्ठित सी ए अरविंद अग्रवाल के पुत्र है। अनन्त के सी ए बनने पर उनके पिता सी ए अरविंद अग्रवाल, माता दीपिका अग्रवाल, दादी पुष्पा देवी, बहिन सी ए अर्पिका अग्रवाल तथा सभी पारिवारिक मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया है। अनन्त ने सी ए इंटर की परीक्षा भी प्रथम प्रयास में पास की थी। सदर विधायक विपिन वर्मा ने भी अनन्त को प्रथम प्रयास में ही सी बनने पर बधाई एवं एवं उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं हैं।

# प्रशासनिक अपराधियों पर जब तक बुलडोजर नहीं चलेगा तब तक सामाजिक न्याय अधूरा है

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - मुख्यमंत्री उ0 प्र0 योगी आदित्यनाथ के द्वारा गुण्डा-माफियाओं पर की जा रही बुलडोजर की कार्रवाई को उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि हिन्दुस्तान के अनेकों राज्यों में सराहा जा रहा है। कई राज्यों की जनता तो अपने-अपने राज्यों में मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ की मांग करने लगी है। उत्तर प्रदेश को गुंडा माफिया मुक्त बनाने के लिए योगी आदित्यनाथ की मुख्यमंत्री के रूप में चहुंओर सराहना हो रही है। लेकिन प्रदेश की जनता का एक प्रश्न भी है कि योगी जी आखिर प्रशासनिक अधिकारियों के रूप में बैठे जनता के अपराधियों पर बुलडोजर की कार्रवाई कब होगी? प्रशासनिक अधिकारियों के रूप में बैठे अपराधियों पर जब तक बुलडोजर नहीं चलेगा तब तक सामाजिक न्याय अधूरा ही रहेगा। प्रशासन में अधिकारियों के रूप में बैठे अपराधियों ने रिश्वत न मिलने पर लोगों को लाखों की क्षति पहुंचाई है। उनकी जिंदगियां बर्बाद कर दी हैं और उनका बाल भी बांका नहीं हुआ, क्योंकि वे प्रशासनिक पदों पर बैठे अधिकारी हैं। यूपीएसआईडीसी अलीगढ़ के अधिकारियों ने एटा के जीटीरोड स्थित आईआईडीसी में आवंटित भूखंडों पर रजिस्ट्री करा लेने के बाद भी आवंटियों को कब्जा नहीं दिया और आवंटन निरस्त कर दिये गये जिसकी तमाम शिकायतें एटा के कई जिलाधिकारियों, आयुक्त अलीगढ, मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल को की गईं लेकिन समस्त प्रशासनिक अधिकारियों ने लगभग एक दर्जन भूखंडों के स्वामियों की शिकायतों पर कोई गौर ही नहीं किया और न उन्हें अधिकारियों के द्वारा कृत कार्रवाई से अवगत कराया गया। गत वर्ष विधानसभा चुनाव से पूर्व विकास कार्यों के लोकार्पण हेतु एटा के ग्रीन गार्डन में आये उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को शिकायती पत्र देकर न्याय की मांग की गई थी। उनके द्वारा की गई कार्रवाई का असर यह हुआ कि मुख्य विकास अधिकारी अलीगढ़ का एक पत्र प्राप्त हुआ कि प्रकरण की जांच डीआरडीए अलीगढ़ के परियोजना निदेशक को सौंप दी गई है लेकिन 8 माह व्यतीत हो जाने के बाद भी परियोजना निदेशक अलीगढ़ ने जांच कार्रवाई से अवगत नहीं कराया है। उल्लेखनीय है आवंटन निरस्तीकरण के सम्बंध में के. रवीन्द्र नायक तत्कालीन आयुक्त/निदेशक उद्योग उत्तर प्रदेश ने शिकायतों की सुनवाई करते हुए कहा था कि "यदि भूखंडों पर बिना कब्जा दिलवाये निरस्त कर दिया गया है तो इसका उत्तरदायित्व सम्बंधित क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीएसआईडीसी अलीगढ़ का होना चाहिए।"खाधिकारी मनमानी कर प्रदेश की जनता का दोहन कर रहे हैं। प्रदेश भर के लाखों लोगों को क्षति पहुंचाने वाले प्रशासनिक अधिकारियों के रूप में अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु बुलडोजर की कार्रवाई की गई तो प्रदेश जनता द्वारा स्वागत किया जाएगा और मुख्यमंत्री की लोकप्रियता में निश्चित ही वृद्धि होगी।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# वैक्सिन की बूस्टर डोज लगाने नपा अध्यक्ष ने बुलाई आपात बैठक

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- शासन स्तर पर 18 साल से ऊपर के समस्त नागरिकों को कोरोना कवच के रूप में वैक्सिन की प्रिकॉशन डोज नि शुल्क लगाए जाने की घोषणा के बाद नगर पालिका परिषद सूरजपुर के अध्यक्ष केके अग्रवाल ने नगरीय निकाय के समस्त पार्षद एवं एल्डरमैन की आपात बैठक आयोजित कर 18 वर्ष से ऊपर के समस्त नागरिकों को प्राथमिकता के साथ वैक्सीन का बूस्टर डोज लगाने हेतु जागरूक और प्रेरित करने की अपील की ताकि कोरोना के दुष्प्रभावों से आम नागरिकों की सुरक्षा आसानी से हो सके। गौरतलब है कि शासन स्तर पर 18 वर्ष आयु वर्ग से ऊपर के लोगों को अब निशुल्क बूस्टर डोज लगाने की पहल शुरू की गई है इसके लिए 75 दिन के अंदर लक्ष्य को पूरा करने की कार्य योजना तैयार की गई है। इसी परिप्रेक्ष्य में आयोजित बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल ने समस्त जनप्रतिनिधियों एवं नगरीय निकाय के अधिकारी कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि कोरोना से नागरिकों को बचाने के लिए शासन स्तर पर लिए गए निर्णय का भव्य स्वागत करते हैं और कदम से कदम मिलाकर नगर पालिका क्षेत्र के लगभग 5000 से अधिक डबल डोज लगा चुके लोगों को बूस्टर डोज लगाने की दिशा में सहयोग करेंगे मुख्य नगरपालिका अधिकारी बसंत बुनकर ने लक्ष्य प्राप्ति के लिए जनप्रतिनिधियों से सुझाव भी मांगे उन्होंने कहा कि अब तक बूस्टर डोज के लिए निजी चिकित्सालय में ?600 का भुगतान करना पड़ता था लेकिन अब निशुल्क लगाए जाएंगे इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों को समय सीमा में मिल जाए रणनीति बनाकर काम करना होगा स्थानीय पार्षदों ने बैठक के दौरान वार्ड में कैंप लगाकर बूस्टर डोज लगाने और मोबाइल मेडिकल वैन के साथ ही वैक्सीन लगाने की सुविधा के लिए पहल करनी चाहिए। बैठक में विधायक प्रतिनिधि सुनील अग्रवाल, प्रवेश गोयल, पार्षद संजय डोसी, राम सिंह, संतोष सोनी, विरेंद्र बंसल, गैबीनाथ साहू, पवन पुष्प लता साहू, पुष्पलता गिरधारी साहू, मंजू गोयल, राधा मुनि सिंह, सुरेंद्र देवांगन, कुसुमलता राजवाड़े, अजय सोनवानी, अजय सिंह, अश्वनी सिंह, मनोज डालमिया के अलावा नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।

हर नागरिक को मिले निशुल्क बूस्टर डोज का लाभ



### बूस्टर डोज का शुभारंभ किया नपा अध्यक्ष ने

निशुल्क बूस्टर डोज लगाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा पुराना चिकित्सालय परिसर में 75 दिन का कैंप लगाया गया है इस कैंप का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल ने एसडीएम रवि सिंह, डिप्टी कलेक्टर नरेंद्र सिंह, टीकाकरण अधिकारी डॉ अजय मरकाम व मुख्य नगरपालिका अधिकारी बसंत बुनकर की मौजूदगी में किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि सुनील अग्रवाल, अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवेश गोयल, एसडीएम रवि सिंह, गिरधारी साहू, महेश अग्रवाल, राजेश जायसवाल व अन्य ने बूस्टर डोज लगवाकर कैंप का शुभारंभ किया गया।

# सूरजपुर पुलिस की नशे के कारोबार पर सख्त कार्रवाई जारी, 80 हजार कीमत के 4 किलो गांजा सहित 1 गिरफ्तार

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश के बाद अवैध कारोबार करने वालों पर पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी है। बीते दिन पुलिस अधीक्षक ने एसडीओपी की मीटिंग लेते हुए नशे के अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही में शिथिलता बर्दाश्त नहीं करने संबंधी के कड़े निर्देश दिए थे। इसी क्रम में शुक्रवार, 15 जुलाई को कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति गांजा लेकर बिक्री करने के लिए देवनगर के पांडेपारा में ग्राहक की तलाश कर रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी सूरजपुर गीता वाघवानी के मार्गदर्शन में शुक्रवार को कोतवाली पुलिस ने ग्राम देवनगर पाण्डेपारा में घेराबंदी कर सुखलाल प्रजापति पिता स्व. नान्हू राम उम्र 50 वर्ष निवासी देवनगर, थाना सूरजपुर को पकड़ा जिसके कब्जे से 4 किलो मादक पदार्थ गांजा जप्त किया गया। जप्त गांजा की बाजारू कीमत करीब 80 हजार रूपये है। मामले में धारा 20( बी ) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, एसआई सुनीता भारद्धाज, गजपति मिर्रे, प्रधान आरक्षक मोहम्मद तालीब शेख, आरक्षक रामकुमार नायक, लक्ष्मी नारायण मिर्रे व सत्यम सिंह सक्रिय रहे।

# आदर्श प्राथमिक शाला सारसताल में हुआ बाल केबिनेट का गठन,निर्वाचित मंत्रियों ने ली शपथ




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- विकासखण्ड प्रतापपुर अंतर्गत आदर्श प्राथमिक शाला सारसताल सोनगरा में शनिवार बैग लेस दिवस पर बाल केबिनेट का गठन किया गया संस्था के क्रिएटिव शिक्षक रंजय सिंह एवं शिक्षिका सुनीता यादव के द्वारा बच्चों को केबिनेट के बारे में विस्तार से बताकर सबके कार्य के विषय को समझा कर सभी बच्चो की उपस्थिति में अभ्यर्थियों का नाम लेकर बोटिंग कराया गया ।प्राथमिक शाला सारसताल के बाल केबिनेट में प्रधानमंत्री के पद पर रमेश्री राजवाड़े निर्वाचित हुई जब कि शिक्षा मंत्री चंद्रप्रकाश राजवाड़े,खेलमंत्री रंजीत सिंह,स्वास्थमंत्री प्रयास सिंह, सफाईमंत्री वंशरूप सिंह, सांस्कृतिक मंत्री काजल सिंह,अनुशासन मंत्री ललित सिंह निर्वाचित हुए जिन्हें संस्था के क्रिएटिव शिक्षक रंजय सिंह के द्वारा बिधिवत शपथ दिलाया गया । छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार आदर्श विद्यालय में बाल केबिनेट गठन में बच्चो में काफी उत्साह देखा गया संस्था के शिक्षकों द्वारा बच्चो को अभ्यर्थी बनने के बाद प्रचार प्रसार का समय देने के बाद बोटिंग कराया गया जिसमे विद्यालय के बच्चो ने अपनी पसंद को चुन कर मंत्री बनाया गया जितने के बाद बिजयी मंत्रियों द्वारा वोट देने वाले को धन्यवाद देकर निष्पक्षता पूर्व कार्य करने का शपथ लिया गया । संस्था के बच्चो ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में कैसे वोट देकर जनप्रतिनिधियों के चुनाव किया जाता है सीखा एवं उत्साह के साथ अपनी पूरी सहभागिता दिखाया ।सभी पदों पर दो से ज्यादा बच्चो ने अपनी रुचि दिखाया एवं काटे के टक्कर में कई पदों पर एक वोट से फैसला हुआ चुनाव में हारे प्रत्याशियों ने दूसरे बिभाग में भी भाग आजमाया कुछ बच्चो ने दूसरे बिभाग में विजय भी प्राप्त किया ।बाल केबिनेट के गठन में बच्चो ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया एवं अपने पसंद के बच्चो को मंत्री बनाने पूरा प्रयास भी किया ।

# इंदरपुर ( डुडी ) से भवंरखोह पक्की सड़क में जगह जगह गड्ढे व उबड़-खाबड़ सड़क जर्जरता को खुद कर रही है बया

- लगभग तीन किलोमीटर का पक्का सड़क उबड़ खाबड़ में हुआ तब्दील
- प्रतिदिन इसी मार्ग से गुजरकर कई गांव के स्कूली बच्चे जाते हैं पढ़ने

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-ओड़गी- जिले के ओड़गी ब्लांक मुख्यालय के भवंरखोह से इंदरपुर ( डुडी ) जानेवाली सड़क अपनी बदहाली पर आसू बहा रही है। कई गांवों को जोड़नेवाली इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों लोग सफर करते हैं। दिनभर वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। इन बरसात के दिनों में इंदरपुर ( डुडी ) से भवंरखोह के पक्की सड़क में जगह-जगह गड्ढे व उबड़-खाबड़ सड़क इसकी जर्जरता को खुद बया करती है। इस मार्ग पर अक्सर होते रहते हैं हादसे गड्ढे व जर्जरता के चलते इस मार्ग में अक्सर हादसे भी होते रहते हैं। कुछ महिनों पहले इंदरपुर ( डुडी ) - भवंरखोह मार्ग पर सोना सिंह घर के समीप दो बाईकों में भीड़त हो गई थी जिससे दोनों बाईक सवारों को अंदरूनी चोटें आई थीं। इस मार्ग से होकर कई गांव के स्कूली बच्चे जाते हैं पढ़ने भवंरखोह से इंदरपुर ( डुडी ) मार्ग से होकर कई गांव के स्कूली बच्चे पढ़ाई करने ओड़गी जाते हैं। इसी मार्ग में ढेकी नदी से भवंरखोह तक लगभग तीन किलोमीटर का पक्का सड़क तो पूरी तरह से उड़कर गिट्टी व गड्ढा में तब्दील हो गया है वहीं मार्ग के कहीं कहीं पर गड्ढे बन? गया है। जिसके कारण स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को लेकर मीडिया के माध्यम से भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल ओड़गी मीडिया प्रभारी प्रियंशु यादव, बसंत लाल यादव, सोना सिंह, उमेश, बल्लू , ओमप्रकाश, दिनेश कुमार, अभिभावक व ग्रामीण जनो ने जिला प्रशासन से सड़क का रिपेयरिंग व चौड़ीकरण करने की मांग की है। अन्यथा समस्या का समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com